**Need to link Bhiwandi Road Railway Station with local train network in Maharasthra-Laid**

श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे **(भिवंडी) :** भिवंडी एशिया मे पावरलूम और लॉजिस्टिक उद्योग का एक प्रमुख केंद्र है जो देश की अर्थव्यवस्था मे महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है । औद्योगिक केंद्र होने के कारण भिवंडी मे आवासीय रियल एस्टेट को काफी बढ़ावा मिला है जिससे आबादी मे काफी बढ़ोतरी हुई है । परंतु भिवंडी रेलवे स्टेशन पर लोकल ट्रेन सेवाओं की कमी के कारण भिवंडी के नागरिको और यहाँ के उद्योग धंधों से जुडे सामान्य लोगों को आवगमन के लिए ठाणे, कल्याण जैसे समीप के स्टेशनों पर उतर कर सड़क मार्ग से होकर भिवंडी जाना पड़ता है जिस वजह से यातायात खर्च और समय दोनों की बर्बादी होती है । कनेक्टिविटी की यह कमी नागरिकों की दैनिक गतिविधियों को बाधित कर रही  है । मेरा माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि भिवंडी रोड़ रेलवे स्टेशन को मौजूदा लोकल ट्रेन नेटवर्क में एकीकृत करने के लिए (विशेष रूप से सीएसटीएम ? ठाणे - कलवा - मुंब्रा ? दिवा ? कोपर - भिवंडी रोड ? खरबाव - कामन रोड ? जुचंद्रा - वसई रोड लाइन से मार्गों को भिवंडी रोड रेलवे स्टेशन को लक्षित करते हुए) सर्वेक्षण करके नियमित रूप से ईएमयू (इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) सेवा शुरू करवाने की कृपा करें ।